कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 03.01.2025

विषय:- 23 किलो प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा (कीमती लगभग 25 हजार रूपया) के साथ थाना रामनगर पुलिस द्वारा अभियुक्त अभिषेक कुमार गुप्ता गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों / प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 03/01/2025 को उ0नि0 श्री कुमार गौरव सिंह, उ0नि0 श्री अंशू पाण्डेय, का0 गंगा प्रसाद वर्मा व का0 राहुल सिंह के देखभाल क्षेत्र दुर्गा मन्दिर सुल्तानपुर क्षेत्र में मामूर थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि कबीरपुर सुल्तानपुर रामनगर वाराणसी में एक व्यक्ति स्टोर में अवेध चाइनीज मांझा रखा है यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अभियुक्त अभिषेक कुमार गुप्ता के पास से 23 किलो प्रतिबन्धित अवैध चाइनीज मांझा बरामद कर समय 12.25 बजे हिरासत पुलिस लिया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना रामनगर पर मु0अ0सं0- 0004/2025 धारा 293/125/223 बी0एन0एस0 व 5/ 15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक 03/01/2025 समय 12.25 बजे, कबीरपुर सुल्तानपुर थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

अभियुक्त का विवरण– अभिषेक कुमार गुप्ता पुत्र मनोज कुमार गुप्ता निवासी कबीरपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र 20 वर्ष।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण-

अभिषेक कुमार गुप्ता पुत्र मनोज कुमार गुप्ता निवासी कबीरपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली पूछने पर बताया कि मैं कबीरपुर सुल्तानपुर में चाइनीज मांझा को स्टोर करके ग्राहकों व दुकानदारों को बेचकर अपना जीवन यापन करता हूँ कि आज आप लोगों ने पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण- अभियुक्त के कब्जे से प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा वजन 23 किलोग्राम बरामद हुआ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री कुमार गौरव सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री अंशू पाण्डेय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 गंगा प्रसाद वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. का0 राहुल सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।